# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## ग्यारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## सोमवार, 23 मार्च, 2026/02, चैत्र, 1947 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 47**

----

### राजकीय उच्च विद्यालय, धनेश्वर

***3977 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजगढ़ शिक्षा खंड के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय, धनेश्वर में कितने पद स्वीकृत हैं; इनमें से कितने पदों पर नियुक्तियां की जा चुकी हैं तथा कितने रिक्त हैं; पदवार ब्यौरा दें?

----

### स्पा सेंटरों का पंजीकरण

***3978 श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में वर्तमान में कितने स्पा सेंटर विधिवत पंजीकृत/लाइसेंसधारी हैं; जिलावार ब्यौरा दें ;

(ख) इनके पंजीकरण, विनियमन एवं संचालन हेतु कौन-कौन से अधिनियम, नियम अथवा शासनादेश प्रभावी हैं;

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक इन सेंटरों के कितने निरीक्षण किए गए तथा कितने सेंटरों में अनियमितताएं पाई गईं; कितने लाइसेंस निलंबित/निरस्त किए गए व कितने प्रकरण दर्ज किए गए; और

(घ) क्या सरकार अनधिकृत/बिना पंजीकरण संचालित स्पा सेंटरों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई तथा एक समग्र नियामक नीति अधिसूचित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## सामुदायिक भवन

*3979 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत नौण में कितने सामुदायिक भवनों का निर्माण हुआ व इन भवनों पर कितनी धनराशि किस-किस मद से स्वीकृत हुई; ब्यौरा दें और

(ख) इस ग्राम पंचायत के अंतर्गत वार्ड संख्या-1 कोट के गलफेर (कोट) के निर्माण हेतु मनरेगा के तहत कितनी धनराशि व्यय की गई एवं निर्मित सामुदायिक भवन का निर्माण किस जगह हुआ; खसरा नंबर, नक़ल, जमाबंदी व ततीमा की प्रतियां सभा पटल पर रखें?

----

## तटीयकरण

*3980 **श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ब्यास नदी, चक्की खड्ड व अन्य खड्डों में बाढ़ से बचाव हेतु कोई स्थायी तटीयकरण व सुरक्षा परियोजना बनाने का विचार रखती है?

----

## हिम बस कार्ड

*3981 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**
**श्री विपिन सिंह परमार (सुलह) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा बनाए जा रहे हिम बस कार्ड का शुल्क कितना निर्धारित है;

(ख) सरकार महिलाओं को बस किराये में दी जा रही रियायत हेतु इस कार्ड को निःशुल्क बनाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण तथा क्या इस कार्ड के बिना भी महिलाओं को किराया रियायत की सुविधा जारी रहेगी;

(ग) सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं के लिए भी इस कार्ड को बनाना अनिवार्य है; यदि हां, तो इस हेतु निर्धारित शुल्क कितना है;

(घ) निगम में सीधी भर्ती से भरे जाने वाले परिचालकों के कितने पद रिक्त हैं व इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; और

(ङ) निगम की बसों में महिलाओं को दी जा रही किराया रियायत योजना की अद्यतन स्थिति क्या है; प्रतिमाह औसतन कितनी महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं; दिनांक 01.01.2025 से 31.01.2026 तक कितनी महिलाओं ने इसका लाभ लिया, निगम पर कितना वित्तीय भार पड़ा तथा इससे महिला यात्रियों व सार्वजनिक परिवहन उपयोग में कितनी वृद्धि हुई; ब्यौरा दें?

----

## तान्दी संगम घाट

*3982 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला लाहौल और स्पिति के अंतर्गत तान्दी संगम घाट को विकसित करने हेतु सरकार ने क्या पग उठाए हैं; इसे विकसित करने हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया तथा किन कार्यों में व्यय किया गया; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजनाएं / सिंचाई योजनाएं

*3983 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति मंडल नेरवा तथा मतियाना में कितनी उठाऊ पेयजल योजनाएं व सिंचाई की ग्रेविटी योजनाएं ऐसी हैं जो जनता को समर्पित नहीं की गई हैं; इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई है, इन्हें कब तक पूर्ण किया जाएगा तथा शेष कार्य हेतु कितनी अतिरिक्त धनराशि अपेक्षित है; योजना का नाम, स्थान, अवार्ड की तिथि सहित वर्षवार व तिथिवार ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक नेरवा जल शक्ति मंडल के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु कितनी निविदाएं आबंटित की गईं; कार्य का नाम, स्थान, स्वीकृत धनराशि, व्यय, शेष धनराशि, पूर्ण/अपूर्ण/प्रगति पर कार्य तथा किसे आबंटित किए गए का कार्यवार ब्यौरा दें; और

(ग) इन मंडलों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कितनी उठाऊ पेयजल योजनाएं पूर्ण हुई तथा कितनी लंबित हैं; स्वीकृत, व्यय व शेष धनराशि तथा कार्य किसे आबंटित किए गए

का कार्यवार अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## पद

***3984 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजस्व विभाग में कितने पद विभिन्न श्रेणियों के विभिन्न संस्थानों में स्वीकृत व रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पटवार वृत्त कोट खनाग में क्या वर्तमान में पटवारी का पद रिक्त है; यदि हां, तो इस पटवार वृत्त के लोगों के दैनिक राजस्व संबंधी कार्य कैसे हो रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## टूरिज्म भवन

***3985 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सूंगरी में टूरिज्म का भवन बनना प्रस्तावित था, का निर्माण कार्य किन कारणों से अधूरा पड़ा है; ब्यौरा दें?

----

## हैंडपंप

***3986 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जल शक्ति विभाग द्वारा बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित हैंडपंपों की एवं पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाती है व जांच की प्रक्रिया/मानक क्या हैं; गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक कितने नए हैंडपंप कहां-कहां पर लगाए गए, किन-किन ठेकेदारों को इसके टेंडर आबंटित किए गए; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

## मस्टर रोल

***3987 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत चुराग व करसोग ब्लॉक में कितने मनरेगा व पंद्रहवें वित्तायोग के विकास कार्यों के मस्टर रोल जारी किए गए; ब्यौरा दें?

----

## विश्राम गृह

***3988 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर)ः**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जल शक्ति विभाग के अंतर्गत कितने विश्राम गृह ऑनलाइन माध्यम से आरक्षित किए जा रहे हैं तथा गत वर्ष से दिनांक 31.01.2026 तक सरकार को इससे कुल कितना राजस्व प्राप्त हुआ; ब्यौरा दें?

----

## गृह अनुदान योजना

***3989 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गृह अनुदान योजना में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों हेतु कितनी-कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई; यह धनराशि किस-किस को आबंटित की गई तथा कितने आवेदन लंबित हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ख) इस अवधि में अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत इस निर्वाचन क्षेत्र में कितनी धनराशि स्वीकृत हुई व कितनी व्यय की गई; वर्षवार व योजनावार ब्यौरा दें?

----

## स्वीकृत धनराशि

***3990 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राज्य में उपायुक्त के माध्यम से संचालित तथा स्वीकृत होने वाली धनराशि व योजनाओं के विकेंद्रित नियोजन, राष्ट्रीय व राज्य आपदा राहत कोष, जिला खनिज फाउंडेशन, सांसद/विधायक क्षेत्रीय विकास योजना, विशेष विकास कार्यक्रम, एकीकृत जिला विकास कार्यक्रम (आई0डी0डी0पी0) तथा अन्य जिला-स्तरीय मदों के अंतर्गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक कितनी धनराशि स्वीकृत व जारी की गई;

(ख) इन सभी फंड्ज़ के अंतर्गत जिलावार, विकास खंडवार एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार स्वीकृत धनराशि, वास्तविक व्यय तथा शेष एवं लैप्स धनराशि कितनी है; फंडवार ब्यौरा दें;

(ग) यह सत्य है कि कुछ जिलों तथा क्षेत्रों में इन फंड्ज़ के बावजूद भी समुचित विकास कार्य नहीं हुए हैं; यदि हां, तो कारण तथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; और

(घ) सरकार इन सभी फंड्ज़ के उपयोग का समेकित, सार्वजनिक व पारदर्शी ब्यौरा

उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## होटल व रेस्तरां

*3991 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार पर्यटन निगम द्वारा संचालित कुछ होटलों व रेस्तरां के निजीकरण का विचार रखती है; यदि हां, तो सूचीवार ब्यौरा दें?

----

## ऑफलाइन निविदाएं

*3992 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक जल शक्ति विभाग मण्डल ऊना द्वारा ऊना विधान सभा निवार्चन क्षेत्र के अंतर्गत किस-किस विकास कार्य की निविदाएं ऑफलाइन की गईं; ब्यौरा कार्यों के नाम, अनुमानित लागत, वास्तविक व्यय तथा निविदाएं आबंटित करने की तिथि सहित दें; और

(ख) ये कार्य किस-किस ठेकेदार को आबंटित किए गए; ब्यौरा ठेकेदार के नाम, पते, कार्यवार, उनको की गई अदायगियों व कार्यों की भौतिक उपलब्धियों सहित दें?

----

## नूरपुर डिवीज़न

*3993 **श्री रणवीर सिंह (निक्का) (नूरपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक लोक निर्माण विभाग डिवीज़न नूरपुर को कितनी धनराशि जारी की गई एवं उसमें से कितनी धनराशि किन-किन कार्यों पर व्यय की गई; ब्यौरा कार्यवार दें?

----

## पंचायतों का विभाजन

*3994 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पंचायतों का विभाजन किन निर्धारित मापदंडों तथा नीतियों के आधार पर किया गया है; क्या पंचायतों के विभाजन हेतु जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्रफल, लंबाई व दूरी, प्रशासनिक सुविधा एवं अन्य किसी मानक को आधार बनाया गया है; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र में किन-किन पंचायतों का विभाजन किया गया है तथा क्या ऐसी अन्य पंचायतें भी थीं जिनका विभाजन उपरोक्त मानकों के आधार पर किया जा सकता था परंतु नहीं किया गया; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## परियोजनाएं

***3995 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 31 जनवरी, 2026 तक जल शक्ति विभाग व लोक निर्माण विभाग की कितनी परियोजनाएं वित्त पोषण हेतु नाबार्ड को प्रेषित की गईं व उनमें से कितनी स्वीकृत हुईं; वर्षवार स्वीकृत धनराशि सहित ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में इनमें से जिला बिलासपुर एवं झण्डुता विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु कितनी परियोजनाएं स्वीकृत हुईं; योजनावार स्वीकृत धनराशि सहित वर्षवार ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजनाएं

***3996 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी पेयजल योजनाएं क्रियाशील हैं तथा कितनी आंशिक व पूर्ण रूप से बाधित हैं; योजनावार ब्यौरा दें;

(ख) ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट से प्रभावित पंचायतों की संख्या कितनी है; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ग) सरकार द्वारा नई जल योजनाओं व स्रोत संवर्धन हेतु क्या प्रावधान किए गए हैं तथा कितनी योजनाएं निर्माणाधीन हैं; योजनावार व पंचायतवार ब्यौरा दें?

----

## धनराशि

***3997 श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत केंद्र सरकार, प्रदेश सरकार, जिला परिषद् व पंचायती राज विभाग द्वारा कितनी धनराशि

स्वीकृत व कितनी व्यय की गई तथा कितनी शेष है; पंचायतवार व योजनावार स्वीकृत की गई धनराशि का ब्यौरा दें?

----

## निविदाएं

***3998 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 सितम्बर, 2025 से 31 जनवरी, 2026 तक डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग खंड सलूणी तथा डलहौजी में विभिन्न कार्यों हेतु कितनी ऑनलाइन व ऑफलाइन निविदाएं आमंत्रित की गईं; कितनी निविदाओं का भुगतान किया गया तथा कितनी का लम्बित हैं; कार्य का नामवार, धनराशिवार एवं ठेकेदारों के नाम सहित खंडवार ब्यौरा दें; और

(ख) इनका विज्ञापन किन-किन समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया; ब्यौरा प्रकाशित विज्ञापन की प्रति, ठेकेदारों के नाम तथा बिलों के भुगतान की तारीखों सहित खंडवार दें?

----

## भुभू जोत सुरंग

***3999 श्री पूर्ण चन्द ठाकुर (दरंग ):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भुभू जोत सुरंग परियोजना की अद्यतन स्थिति क्या है; क्या इस परियोजना की डी0पी0आर तैयार की जा चुकी है; यदि नहीं, तो कब तक तैयार की जाएगी?

----

## SDP & SDRF

***4000 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक जिला ऊना में क्षेत्रीय विकेन्द्रीयकृत योजना (SDP), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) व विकास में जन सहयोग योजना के अंतर्गत कितनी-कितनी धनराशि आबंटित की गई; वर्षवार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

----

## बिजली समस्या

***4001 डॉ0 जनक राज (भरमौर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बिजली की कटौती होती रहती है तथा बरसात व सर्दियों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है; यदि हां, तो नियमित बिजली आपूर्ति हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ख) यह सत्य है कि हाइडल परियोजनाओं की एन0ओ0सी0 शर्तों के अनुरूप प्रभावित क्षेत्रों को 40 वर्षों तक 1% मुफ्त बिजली देने का प्रावधान है; यदि हां, तो इसका लाभ भरमौर क्षेत्र को क्यों नहीं मिल रहा है;

(ग) इस क्षेत्र के बकानी व आस-पास के गांवों में कम वोल्टेज व अनियमित आपूर्ति की जांच की गई है; यदि हां, तो रिपोर्ट क्या है तथा ट्रांसफार्मर उन्नयन/लाइन सुधार की क्या योजना है;

(घ) मैहला विकास खंड के ग्राम बंदला में स्वीकृत ट्रांसफार्मर स्थापित न होने के क्या कारण हैं तथा लोड-वोल्टेज जांच व ट्रांसफार्मर स्थापना की समय-सीमा क्या है; और

(ङ) सरकार ग्रोण्डा पंचायत के धारड़ी, ग्रोण्डा व खनार गांवों में जर्जर लाइनों के सुधार, धारड़ी से खन्नार तक 06 कि0मी0 एल0टी0 लाइन को एच0टी0 से बदलने, नए ट्रांसफार्मर व सोलर/मिनी ग्रिड स्थापित करने का विचार रखती है?

----

## पेयजल योजना

***4002 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पेयजल योजना फागू से सोडा दिहाड़ी का 2018 में उद्घाटन होने के बावजूद भी अभी तक इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिला है; यदि हां, तो इसे जनहित में कब तक कार्यान्वित किया जाएगा?

----

## बस अड्डा निर्माण

***4003 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बस अड्डा चैल चौक तथा गोहर के निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## तटीयकरण

***4004 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) माँझी खड्ड के तटीयकरण का कार्य कब शुरू किया गया था तथा इस कार्य हेतु कितनी धनराशि व्यय की जा रही है;

(ख) यह सत्य है कि तटीयकरण कार्य हेतु प्रयोग होने वाले पत्थर मांझी खड्ड से ही निकाले जा रहे हैं; यदि हां, तो ठेकेदार द्वारा पत्थरों के खनन हेतु किस प्रकार के मापदण्ड तय किए गए हैं; और

(ग) क्या सरकार के निर्धारित मापदण्डों के अनुसार ही कार्य हो रहा है; ब्यौरा दें?

----

## अवैध कब्जे

***4005 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) माननीय उच्च न्यायालय के दिनांक 05 अगस्त, 2025 के निर्णय के पश्चात सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई से प्रदेश में कितने परिवार प्रभावित हुए हैं; जिलावार तथा परिवारों की संख्या सहित ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार द्वारा इस निर्णय के कारण संभावित रूप से बेघर हुए परिवारों के पुनर्वास एवं सुरक्षा हेतु कोई नीति/योजना बनाई गई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण?

----

## सब्जी मंडी

***4006 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति) :**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सब्जी मंडी अथवा मार्केटिंग यार्ड कारगा हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था; क्या यह धनराशि इस कार्य को पूर्ण करने हेतु पर्याप्त है; यदि नहीं, तो इसे पूर्ण करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ख) सरकार स्पिति घाटी में सब्जी मंडी एवं मार्केटिंग यार्ड बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ग) कोल्ड स्टोरेज कारगा एवं दांलग की अद्यतन स्थिति क्या है; कार्यों को शुरू होने में विलंब के कारणों सहित ब्यौरा दें?

----

## नगर पंचायत चौपाल

***4007 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक चौपाल नगर पंचायत में कितने कार्यों की निविदाएं हुईं; कार्य के नाम, स्थान व धनराशि का ब्यौरा दें;

(ख) ये कार्य किस-किस ठेकेदार को आबंटित किए गए तथा कौन-कौन से कार्य पूर्ण व अधूरे पड़े हैं; कार्य का नाम, स्वीकृत धनराशि, ठेकेदार के नाम व इन्हें आबंटित धनराशि सहित ब्यौरा दें;

(ग) इस अवधि में ऑडिट रिपोर्टों में जो गबन दर्शाया गया है; उसका वर्षवार ब्यौरा दें; इस पर दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; और

(घ) किस-किस कार्य में कितना-कितना गबन हुआ है; कार्य का नाम, गबन हुई धनराशि तथा गबन में सम्मिलित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## नगर पंचायत निरमंड

***4008 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत निरमंड के विभिन्न वार्डों हेतु किन कार्यों हेतु कितनी धनराशि प्रदेश तथा केंद्र प्रायोजित किन-किन योजनाओं के तहत स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) इस धनराशि से नगर पंचायत के इन वार्डों में क्या-क्या कार्य किए गए; ब्यौरा प्रत्येक वार्ड के नाम तथा कार्य सहित दें?

----

## एस0सी0डी0पी0

***4009 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में डोडरा-क्वार सहित एस0सी0डी0पी0 के तहत कितनी योजनाएं विभिन्न विभागों में चल रही हैं तथा कितनी धनराशि के अभाव से बंद पड़ी हैं; ब्यौरा योजनावार एवं विभागवार दें?

----

## कुठेड़ा व पंजगाई अस्पताल

***4010 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कुठेड़ा व पंजगाई अस्पताल हेतु कुल कितनी-कितनी धनराशि किस-किस दिनांक को स्वीकृत की गई एवं कितनी व्यय हो चुकी है; इनका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## पी0एम0जी0एस0वाई0-III

***4011 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-III के तहत बन रही चार सड़कों का कितना कार्य शेष है; क्या विभाग निर्धारित तय सीमा में शेष कार्य को पूर्ण करने का विचार रखता है;

ब्यौरा दें?

----

## करेरी झील

***4012 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत करेरी झील के सौंदर्यीकरण हेतु कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा इस कार्य को कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र

***4013 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा नागरिक अस्पताल हैं; ब्यौरा नामवार दें; और

(ख) इन स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों व अन्य श्रेणियों के कितने पद सृजित व कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## उद्योगों का निरीक्षण

***4014 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदेश में स्थापित कितनी औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया; निरीक्षण किए गए उद्योगों का नामवार एवं जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) निरीक्षण के उपरांत नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर कितने उद्योगों के विरुद्ध चालान व अन्य कार्रवाई की गई; चालान किए गए उद्योगों का नामवार तथा जिलावार ब्यौरा दें; और

(ग) इन उद्योगों से चालान तथा जुर्माने के रूप में कितनी धनराशि वसूल की गई; ब्यौरा दें?

----

## नशा मुक्ति केन्द्र

***4015 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कितने नशा मुक्ति केन्द्र चलाए जा रहे हैं; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक सरकार ने कितने नशा मुक्ति केन्द्र खोले; जिलावार ब्यौरा दें?

----

## राजस्व प्रशिक्षण केंद्र जोगिन्द्रनगर

***4016 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि राजस्व प्रशिक्षण केंद्र जोगिन्द्रनगर में पूरे प्रदेश का राजस्व प्रशिक्षण संस्थान होने के बावजूद कानूनगो, नायब-तहसीलदार तथा तहसीलदार पदों की विभागीय परीक्षाएं केवल शिमला में ही आयोजित की जा रही हैं; और

(ख) यदि हां, तो कर्मचारियों की सुविधाओं के मद्देनज़र सरकार इन परीक्षाओं को शिमला के साथ-साथ राजस्व प्रशिक्षण केंद्र जोगिन्द्रनगर में भी आयोजित करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## आपराधिक मामले

***4017 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक प्रदेश में कितने मर्डर, बलात्कार, चोरी, डकैती, किडनैपिंग के मामले दर्ज किए गए; इनमें से कितने मामलों में न्यायालय में चालान दाखिल/पेश किए गए व कितने मामले अन्वेषणाधीन हैं; ज़िलावार ब्यौरा दें?

----

## स्वीकृत पद

***4018 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने स्वास्थ्य संस्थान कार्यरत हैं;

(ख) इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत कितने भरे व कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा पदवार एवं स्थानवार दें;

(ग) सरकार इन रिक्त पदों को भरने हेतु विशेष भर्ती प्रक्रिया अथवा तैनाती करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक;

(घ) रिक्त पदों के कारण स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रूप से चलाने हेतु क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है; और

(ङ) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक इस निर्वाचन क्षेत्र में कितने स्वास्थ्य संस्थान डिनोटिफाई किए गए; नामवार ब्यौरा दें?

----

## ट्रांसफार्मर

***4019 श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने ट्रांसफार्मर कहां-कहां लगाए जा रहे हैं; पंचायतवार तथा गांववार ब्यौरा दें; और

(ख) ऐसे कितने गांव हैं जहां थ्री फेस लाइन नहीं है; गांववार ब्यौरा दें; ऐसे शेष बचे गांवों में कब तक थ्री फेस लाइन चालू कर दी जाएगी?

----

## सीवरेज / पेयजल सुधार योजना

***4020 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नगर परिषद् डलहौजी में निर्माणाधीन सीवरेज का कार्य कितने समय से चल रहा है

तथा इसे कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; इस योजना हेतु स्वीकृत धनराशि सहित ब्यौरा दें; और

(ख) निर्माणाधीन डलहौजी शहर पेयजल सुधार तथा विस्तार योजना का कार्य कितने प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है; इस योजना को कब तक सुचारु रूप से चालू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## सड़क

*4021 **श्री पूर्ण चन्द ठाकुर (दरंग):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सालगी–दुधलुनाल–गाड़–छियागला–सुहड़ सड़क को लोक निर्माण विभाग के अधीन लिया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसे कब तक लोक निर्माण विभाग के अधीन ले लिया जाएगा?

----

## गौशाला

*4022 **श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रस्तावित गौशाला बनाने हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## सड़क निर्माण

*4023 **डॉ0 जनक राज (भरमौर) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार एल0वाई0एल0एच0 से वासुकि नाग तक कब तक सड़क निर्माण करने का विचार रखती है;

(ख) भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य गांव शून (Shoon) से गांव करकन ना (Karkan Naa) एवं तुसब (Tusab) तक सड़क का विस्तार कब तक कर दिया जाएगा;

(ग) ग्राम पंचायत चड़ी (सुंदहेला), फागड़ी (मोरतु–द्रमन), बंदला (करेरी–कीड़ा–लकड़ा), दाडवी (राम्भो–जीडू–भदीरा), बकान (धरवेटा–धारना), सुनारा (तागी–टाटरी), ब्रेही (फाट–बटणु–पालयी–चोबुगला–दुरकुण्ड–सकराहल–भरेला), गैहरा

(घालु–मतरोग), छतराड़ी (आरनी) तथा कुंर (अथ्रोड–लापो) तक सड़क निर्माण कब तक कर दिया जाएगा;

(घ) हीलिंग–कुंवारसी सड़क पर स्थित हीकिम पुल के निर्माण कार्य में विलम्ब का क्या कारण है तथा यह कार्य कब तक आरंभ व पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ङ) सरकार द्वारा कुंवारसी–धर्मशाला टनल सहित सड़क सुविधा से जोड़ने हेतु कोई योजना बनाई गई है; यदि हां, तो अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **यशपाल शर्मा,**

**17 मार्च, 2026 .** **सचिव**